**UP6GNWF**

# संकलित परीक्षा – II (2016-17)
# हिन्दी 'ब'
# कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड-क ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x6=12)** 12

व्यापारिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के नमूने में से एक है असली के स्थान पर नकली माल बेचना और मिलावट । बेईमानी से नकली माल बेचने में कुछ लोग अच्छों-अच्छों के कान काटते हैं। कोई चीज बनकर बाजार में प्रसिद्धि प्राप्त कर भी नहीं पाती कि उसकी नकल पर तैयार की गई नकली वस्तुओं की भरमार हो जाती है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने की प्रवृत्ति की तो जितनी भी निन्दा की जाए, कम है। धूर्त लोगों को थोड़े से स्वार्थ के पीछे घोड़े की लीद, गेरू, खडिया, बजरी आदि अखाद्य खिलाकर उनका स्वास्थ्य चौपट करते जरा भी शर्म नहीं आती। ऐसा नहीं है कि शासन को इस तथ्य का ज्ञान न हो, किन्तु रिश्वत देवी की कृपा से इन भ्रष्टाचारी दुकानदारों का बाल भी बाँका नहीं होता। वे जानते हैं कि कब किसकी मुट्ठी गरम होनी चाहिए, फिर भाड़ में जाए देश और देशवासी। मिलावट के विषय में कही जानेवाली यह उक्ति गलत नहीं है कि अब तो विष भी शुद्ध नहीं मिलता।

जिन विभागों का लोगों पर देश में व्यवस्था कायम रखने और अन्याय मिटाने का उत्तरदायित्व है, भ्रष्टाचार के देवता की कृपा से वे अव्यवस्था और अन्याय को बढ़ाने में ही अधिक योगदान करते हैं। एसी बात नहीं है कि कर्तव्यनिष्ठ सिपाही और पुलिस अफसरों का अच्छे व्यापारियों का सर्वथा अभाव हो, किन्तु बाहुल्य वैसे ही लोगों का है।

(1) भ्रष्टाचार से आप क्या समझते हैं? व्यापार में इसका कैसा रूप दिखाई देता है?

(2) खाद्य में क्या अखाद्य मिलाए जाते हैं और क्यों? स्पष्ट कीजिए।

(3) भ्रष्टाचारी लोगों का बाल बाँका क्यों नहीं हो पाता ?

(4) सभी लोग भ्रष्ट नहीं है, पर उनके बारे में आपके विचार से जानकारी क्यों नहीं मिलती?

(5) अव्यवस्था कौन बढ़ा रहे हैं और कैसे? बताइए।

(6) गद्यांश से कोई दो मुहावरे छाँटकर उनका वाक्य प्रयोग कीजिए।

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2x4=8** 8

कालिदास ! सच-सच बतलाना
इन्दुमती के मृत्युशोक से
अज रोया या तुम रोये थे ?
कालिदास ! सच-सच बतलाना

शिवजी की तीसरी आँख से,

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | निकली हुई महाज्वाला में,<br>घृतमिश्रित सूखी समिधा-सम<br>कामदेव जब भस्म हो गया,<br>रति का क्रंदन सुन आँसू से<br>तुमने ही तो दृग धोये थे-<br>कालिदास ! सच-सच बतलाना<br>रति रोयी या तुम रोये थे ?<br><br>वर्षा ऋतु की स्निग्ध भूमिका,<br>प्रथम दिवस आषाढ़ मास का<br>देख गगन में श्याम घन-घटा,<br>विधुर यक्ष का मन जब उचटा,<br>खड़े-खड़े तब हाथ जोड़कर<br>चित्रकूट के सुभग शिखर पर<br>उस बेचारे ने भेजा था<br>जिनके ही द्वारा सन्देशा,<br>उन पुष्करावर्त मेघों का<br>साथी बनकर उड़नेवाले-<br>कालिदास ! सच-सच बतलाना<br>पर पीड़ा से पूर-पूर हो<br>थक-थककर और चूर-चूर हो<br>अमल-धवल गिरि के शिखरों पर<br>प्रियवर! तुम कब तक सोये थे ?<br>रोया यक्ष कि तुम रोये थे ?<br>कालिदास ! सच-सच बतलाना<br>(1) शिवजी ने किसे भस्म कर दिया था और क्यों?<br>(2) काव्यांश में कालिदास से सच बतलाने की बात क्यों कही गई है?<br>(3) यक्ष की विरहवेदना किसकी वेदना थी?<br>(4) अज के रोने का क्या कारण था? | |
| | | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| | 3 | निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -1x3=3<br>(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-<br>राधा के चिल्लाने पर सब आ गए।<br>(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए -<br>रात के आठ बजते ही मैंने भोजन कर लिया।<br>(ग) रचना के आधार पर वाक्य - भेद बताइए -<br>जो साहसी होते हैं वे ही सफल होते हैं। | 3 |
| | 4 | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (1x4=4)<br>(i) उसने आज जाना है। | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ii) मात्र दो रुपए दीजिए।<br>(iii) मेरे को मत मारो।<br>(iv) वहाँ घोड़ाओं का दौड़ हो रहा है। | |
| | 5 | (क) 'पंचानन' किस समास का उदाहरण है? (1x4=4)<br>(ख) 'अमीर और गरीब' का सामासिक पद बनाइए।<br>(ग) किस समास में एक पद अव्यय होता है?<br>(घ) 'चन्द्रमुख' का समास विग्रह कीजिए। | 4 |
| | 6 | (1) वाक्य से अलग होने पर शब्द क्या होता है? (1x2=2)<br>(2) ''मोटी औरत ने काम किया''। वाक्य में पद चुनकर लिखिए। | 2 |
| | 7 | (क) 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1x2=2)<br>(ख) ''जी चुराना'' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 2 |
| | | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 8a | 'गिन्नी का सोना' पाठ का संदेश अपने शब्दों में लिखिए। | 2 |
| | 8b | कर्नल ने वजीर अली को हटाकर सआदत अली को अवध की गद्दी पर क्यों बैठाया? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | 8c | भीड़ में से क्या आवाज उभर कर आई? | 1 |
| | 9 | 'अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ का संदेश स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | 10 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —(2+2+1)**<br>हाथ में बंडल थामे, पुलिस इंसपेक्टर ओचुमेलॉव नया ओवरकोट पहने हुए, बाज़ार के चौराहे से गुज़रा। उसके पीछे, अपने हाथों में, ज़ब्त की गई झरबेरियों की टोकरी उठाए, लाल बालोंवाला एक सिपाही चला आ रहा था। चारों ओर खामोशी थी... चाराहे पर किसी आदमी का निशान तक नहीं था। दुकानों के खुले दरवाज़े, भूखे जबड़ों की तरह, भगवान की इस सृष्टि को उदास निगाहों से ताक रहे थे। कोई भिखारी तक उनके आस-पास नहीं दिख रहा था।<br>(1) ओचुमेलॉव कौन था उसकी वेशभूषा कैसी थी ?<br>(2) बाज़ार के चौराहे पर खामोशी क्यों थी ?<br>(3) ओचुमेलॉव के पीछे कौन चला आ रहा था ? | 5 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1) | |
| | 11a | ''सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'' पंक्ति में अंकित हिमालय और सैनिक की विशेषताओं को संक्षेप में लिखिए। | 2 |
| | 11b | उदार व्यक्ति की क्या विशेषताएँ होती हैं? धरा उसके प्रति किस भाव का अनुभव करती है? 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में उत्तर दें। | 2 |
| | 11c | कविता में जब कोई शब्द बार-बार आता है, तो कौन सा अलंकार होता है? | 1 |
| | 12 | कवि विपत्ति में भी निडरता का वरदान क्यों चाहते हैं? यह उनकी किस विशेषता का द्योतक है? | 5 |
| | 13 | हेडमास्टर साहब को मास्टर प्रीतमचंद पर क्रोध क्यों आया था? क्या आपको हेडमास्टर साहब का व्यवहार उचित लगा ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि आप अपने अध्यापकों को किस-रूप में याद करते हैं और उनसे क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं? | 5 |
| | | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 | **साँच बराबर तप नहीं**<br>• सत्य क्या है?<br>• सत्य से लाभ<br>• उदाहरण | | 5 |
| | **अथवा** | |
| | **सड़क दुर्घटनाएँ : कारण और निवारण :**<br>• दुर्घटनाओं का प्रभाव<br>• बचाव के उपाय<br>• सरकार के प्रयास | 5 |
| | **अथवा** | |
| | **सड़क दुर्घटनाओं में कारण : मोबाइल**<br>• मोबाइल फोन<br>• ड्राइविंग और मोबाइल<br>• दुर्घटना का कारण, असावधानी | 5 |
| 15 | अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय को विद्यालय में अधिक खेल - सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए प्रार्थना पत्र लिखिए। | 5 |
| 16 | विद्यालय में 2 अक्टूबर के अवसर पर बाल-मेला का आयोजन किया गया है। मेले में हस्तनिर्मित वस्तुओं की बिक्री के लिए दुकान लगाने के इच्छुक छात्रों को उपप्राचार्य महोदय से संपर्क करने हेतु लगभग 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। | 5 |
| 17 | नव विवाहित पति-पत्नी गर्मी की छुट्टियों में शिमला जाने की योजना बना रहे हैं। उनके बीच हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 18 | लखनऊ नगर के हजरत गंज बाजार में बच्चों के परिधानों का नया शोरूम खुला है। इसके प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (अधिकाधिक 20-25 शब्दों में) | 5 |
| | | |
| | -o0o0o0o- | |